गुरू घासीदास विश्वविद्यालय
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
(A Central University established by the Central Universities Act, 2009, No.25 of 2009)
KONI, BILASPUR-495 009 (C.G.) INDIA, कोनी बिलासपुर 495 009 (छ0ग0) भारत
Tel. - +91-7752- 260342, 260221 Fax - +91-7752- 260154, 260148, website - www.ggu.ac.in

क्रमांक 278 /अकादमी/21 बिलासपुर, दिनांक- 23.11.2021

कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (वेट) प्रवेश के संबंध में विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठाताओं की अनुशंसा पर एवं पूर्व में जारी कार्यालयीय ज्ञाप के अनुक्रम में वेट 2021 के सभी आवेदकों के प्रवेश की प्रकिया अब निम्नानुसार संचालित की जाएगी :–

(अ) उन सभी पाठ्यक्रमों में, जहाँ विभिन्न श्रेणियों में सीटें खाली है और संबंधित श्रेणी में वेट अर्हता प्राप्त आवेदक उपलब्ध हैं, प्रवेश के लिए निम्नानुसार ऑफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी :–

1. संबंधित विभागों में वेट अर्हता प्राप्त उम्मीद्वारों की काउंसिलिंग दिनॉक 30–11–2021 को आयोजित की जाएगी ।
2. संबंधित पाठ्यक्रम में वेट अर्ह उम्मीद्वारों का पंजीयन सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक किया जायेगा।
3. संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रवेश समिति के साथ मिल कर उस श्रेणी के पंजीकृत उम्मीद्वारों की प्रावीण्य सूची तैयार करेंगे, जहाँ सीटें खाली है और संबंधित अधिष्ठाता व सहायक कुलसचिव, अकादमी को सूचनार्थ सूची की सॉफ्ट कॉपी अग्रेषित करते हुए अपरान्ह 3.00 बजे तक विभागीय सूचना पटल पर इसे चस्पा करेंगे।
4. वेबपटल www.ggu.ac.in पर उपलब्ध इलाहाबाद बैंक के लिंक का उपयोग करते हुए शुल्क ऑनलाइन उसी दिन जमा करना है।
5. संबंधित विभागाध्यक्ष शुल्क की पावती अपने पास मंगवाकर अपने कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे।

(ब) ऐसे सभी पाठ्यक्रम में जहाँ विभिन्न श्रेणियों में सीटें खाली है एवं संबंधित श्रेणी में वेट अर्हता प्राप्त आवेदक उपलब्ध नहीं हैं, ऑफलाइन काउंसिलिंग की प्रकिया निम्नानुसार सम्पादित की जायेगी :–

1. स्थानांतरित उम्मीद्वारों (उम्मीद्वारों के आवेदन पर विभिन्न विभागों से उस विभाग के विभागाध्यक्ष को स्थानांतरित आवेदन, जहाँ सीटें खाली है) की काउंसिलिंग संबंधित विभाग में दिनॉक 03–12–2021 को आयोजित की जाएगी।

2. प्रवेश समिति ऐसे सभी स्थानांतरित आवेदनों की समीक्षा करेंगी एवं जहॉ सीटें खाली है, वहॉ अर्हकारी परीक्षा के आधार पर श्रेणीवार प्रावीण्य सूची तैयार करेंगी।

3. किसी श्रेणी में प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को संबंधित विभाग में अपरान्ह 1.00 बजे या इससे पहले उपस्थित होना है।

4. संबंधित विभाग के अध्यक्ष, प्रवेश समिति के साथ मिल कर अपरान्ह 2.00 बजे तक विभागीय सूचनापटल पर प्रावीण्य सूची जारी कर सूची की सॉफ्टकॉपी संबंधित अधिष्ठाता एवं सहायक कुलसचिव, अकादमी को सूचनार्थ प्रेषित करेंगे।

5. वेबसाइट www.ggu.ac.in पर उपलब्ध इलाहाबाद बैंक के लिंक का उपयोग कर उसी दिन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकेगा।

6. संबंधित विभागाध्यक्ष शुल्क की पावती मंगवाकर कार्यालय अभिलेख के रूप में सुरक्षित रखेंगे।

उपरोक्तानुसार प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और रिक्त सीटों को भरने से संबंधित विभागों द्वारा जारी सभी संगत अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव (कार्यवाहक)

पृ. क्र. 279 /अकादमी/21 बिलासपुर, दिनांक- 23.11.2021

प्रतिलिपि-

1. कुलपति के निज सहायक/सचिव की ओर कुलपतिजी के सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त अधिष्ठातागण, विद्यापीठें, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. परीक्षा नियंत्रक, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
6. समन्वयक, आई टी प्रकोष्ठ को सूचनार्थ एवं वेबपटल पर जारी किये जाने की आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. मीडिया प्रभारी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
8. कार्यालय प्रति।

सहायक कुलसचिव (अकादमी)